an>

Title: Regarding development of National Highways in Andaman.

श्री बिÂष्णु पद राय (अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह) : अध्यक्ष महोदया, अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में कांग्रेस ने बहुत साल राज किया। कांग्रेस सरकार कहती थी कि बैकवर्ड एरिया है, रिमोट एरिया है और वहां कोई काम नहीं किया था।...(व्यवधान) मैं अपनी बात कह रहा हूं। मैं पूरा कर दूंगा कि आपने वहां कोई काम नहीं किया है। "हर हर मोदी, घर घर मोदी" नारा दिया। मोदी जी की सरकार में नितिन गडकरी जी मंत्री बने। वर्ष 2004 में अटल बिहारी वाजपेयी सरकार ने अंडमान निकोबार को राष्ट्रीय राजमार्ग दिया। दस साल कांग्रेस पार्टी की सरकार थी, लेकिन एक किलोमीटर भी राष्ट्रीय राजमार्ग नहीं बनाया गया। नितिन गडकरी जी चार जुलाई, 2016 को मंत्रालय में मीटिंग हुई थी, जिसमें सांसद तथा एडमिनिस्ट्रेशन के उच्च अधिकारी उपस्थित थे। सरकारी संस्था एन.एच.आई.डी.सी.एल. को काम दिया और राष्ट्रीय राजमार्ग का काम एक अक्टूबर, 2016 को शुरू होने जा रहा है। 333 किलोमीटर का रास्ता बनेगा। दो ब्रिज बनेंगे। केवल यही नहीं, बल्कि नई टेक्नोलोजी लेकर आए।...(व्यवधान) अध्यक्षा जी, मैं काला पानी क्षेत्र से हूं। मुझे बोलने के लिए केवल एक मिनट का समय और दीजिए।...(व्यवधान) खड़गे जी, मैं पूरा करूंगा कि कांग्रेस ने वहां कुछ नहीं किया है। नितिन गडकरी जी ने 46 करोड़ रुपए सीआरएफ फण्ड में दिए। इसके अलावा 21 ब्रिज अंडमान निकोबार को मिले हैं। 90 किलोमीटर स्टेट हाईवे को नेशनल हाईवे में परिवर्तित कर दिया गया है। स्टेट हाईवे को बनाने के लिए पैसा नहीं था, फंड नहीं था, कुछ भी किया नहीं था। पहली बार अंडमान में स्टेट हाईवे 90 किलोमीटर को नेशनल हाईवे में परिवर्तित करने का काम किया गया है। मेरे कांग्रेसी मित्रों आपने कुछ नहीं किया चाहे राहुल गांधी बोलो, चाहे नेहरू जी बोलो, सोनिया गांधी बोलो, मनमोहन सिंह जी बोलो, खड़गे जी बोलो, केवल कागजों में अंडमान की अचीवमेंट्स को दिखाया। भारत माता की जय। वन्दे मातरम।

माननीय अध्यक्ष : कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चंदेल को श्री बिÂष्णु पद राय द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।